15 korba-Bhoomi pg1_Layout 1 5/15/2024 11:41 PM Page 1


हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 16 मई 2024

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा


**तापमान**

अधिकतम 44.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

4

करोड़ों की एल्युमिनियम सिल्ली से भरे ट्रक गायब दिल्ली से किया गया बरामद



## खबर संक्षेप

### उत्तर पुस्तिका, पुनर्गणना के लिए आवेदन 24 तक

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा 10वीं व 12वीं बोर्ड की परीक्षा का परिणाम 9 मई को घोषित किया है, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने सफलता अर्जित की है। परन्तु कुछ छात्र ऐसे भी हैं जो घोषित परिणाम से असंतुष्ट हैं या उन्हें पूरक घोषित किया गया है। ऐसे असंतुष्ट छात्रों को परीक्षा दिवस से 15 दिन के अंदर पुनर्गणना, पुनर्मूल्यांकन, उत्तर पुस्तिका की छायाप्रति प्राप्त करने के लिए निर्धारित शुल्क के साथ आवेदन करना पड़ता है। इसके लिए मंडल द्वारा शुल्क का निर्धारण कर दिया गया है, जिसके साथ आवेदन करना होगा। अब ऐसे छात्रों के पास 24 मई तक आवेदन करने का अवसर है। इस अवधि में अगर वे अपनी शंका का समाधान करने आवेदन की प्रक्रिया नहीं करते हैं तो उन्हें अलग से समय नहीं मिल पाएगा। छग माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा प्रावधान दिया गया है कि अगर बोर्ड में पूरक अथवा अनुत्तीर्ण घोषित हुए हैं और पुनर्मूल्यांकन के उपरांत किसी विषय में 10 प्रतिशत या उससे अधिक अंक बढ़ता है, लेकिन परीक्षाफल में कोई परिवर्तन नहीं होता है तो अंक वृद्धि मान्य नहीं की जाएगी। इस स्थिति में पुनर्मूल्यांकन कराने वाले अभ्यर्थियों को नवीन अंक सूची नहीं दी जाएगी। पुनर्मूल्यांकन, पुनर्गणना, उत्तर पुस्तिका की छाया प्रति प्राप्त करने जमा शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं होगा।

### वाहन मालिकों से वसूला गया 21 लाख 87 हजार समन शुल्क

**कोरबा।** जिला परिवहन विभाग का उड़नदस्ता दल लापरवाह वाहन चालकों पर लगाम कसने लगातार कार्यवाही कर रहा हैं। इसके बावजूद वाहन मालिक और वाहन चालक लापरवाही बरत रहे हैं। माह अप्रैल में हुई कार्यवाही के दौरान कुल 1284 प्रकरण दर्ज किए गए। जिसमें 21 लाख 87 हजार 200 रुपए समन शुल्क भी वसूला गया। कोरबा औद्योगिक जिला होने के कारण यहां दो पहिया, चार पहिया और भारी वाहनों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। जिसके कारण आए दिन जिले में सड़क हादसे भी घटित हो रहे हैं। इन घटित हो रहे हादसों पर रोक लगाने पुलिस और प्रशासन हर संभव प्रयास कर रहा है। इसके अलावा यातायात पुलिस की टीम लगातार वाहन जांच भी कर रही है। दूसरी ओर जिला परिवहन विभाग द्वारा उड़नदस्ता दल का गठन किया गया हैं। इन्हें अंचल के बाहर राज्य और राष्ट्रीय राजमार्ग सहित अन्य मुख्य सड़कों पर वाहन जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई है, ताकि नियमों की अनदेखी करने वालों पर परिवहन विभाग का उड़नदस्ता दल अंकुश लग सके। परिवहन विभाग के उड़नदस्ता दल द्वारा अनवरत सख्त कार्यवाही की जा रही है। परिणाम स्वरूप काफी हद तक अधिभार और तेज रफ्तार चलने वाले वाहनों में कमी आई है।

# दो महीने में एक बार आया पानी, अब जलधारा के लिए तरस रहे ग्रामीण

**मामला कोरबा ब्लाक के ग्राम पंचायत गेरांव का**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

कोरबा ब्लॉक के ग्राम पंचायत गेरांव के आश्रित ग्राम कमरन में ग्रामीणों को जल जीवन मिशन का पानी केवल होली के दिन ही मिला है और अब तक गांव के ग्रामीण जल जीवन मिशन की जलधारा देखने तरस गए हैं और अफसर दफ्तरों में बैठकर जल जीवन मिशन की फाइल निपटाने में लगे हुए हैं। वहीं ग्रामीण पानी को तरस रहे हैं।

लोक स्वास्थ्य यात्रिकी विभाग के द्वारा ग्रामीण अंचलों में केन्द्र सरकार की जल जीवन मिशन अंतर्गत घर घर नल कनेक्शन देने की योजना पर कार्य किया था। ठेकेदार के माध्यम से कराए जा रहे कार्यों में जिले के सभी विकासखंड में हुए पाइप लाइन बिछाने, टंकी निर्माण, टेप नल कनेक्शन जैसे कार्यों में बड़े पैमाने पर अनियमितता बरती गई है, किंतु किसी भी ठेकेदार के खिलाफ कार्यवाही नहीं हुई है। बताया जाता है कि विकासखंड कोरबा अंतर्गत ग्राम पंचायत गेवरांव के आश्रित ग्राम में जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत पाइन लाइन बिछाने के साथ घर घर नल कनेक्शन दिया गया था। काम पूरा होने के बाद पंचायत से पूर्णता प्रमाण पत्र लेकर ठेकेदार ने दफ्तर में अपने बिल भी स्वीकृत करा लिए, किंतु गांव के ग्रामीणों को केवल होली के दिन ही उनके घर के टेप नल में पानी आया है और उसके बाद अब तक उनके घरों में लगे टेप नल कनेक्शन से पानी नहीं पहुंचा है। ग्रामीणों की मानें तो गांव के कुएं से ही प्यास बुझाई जा रही है। जल जीवन मिशन के नल से जलधारा देखने ग्रामीण तरस गए हैं।

**खास बातें**

- जल जीवन मिशन से किया गया था पाइप लाइन बिछान का काम
- अब तक नहीं मिला थी फेस कनेक्शन



**पंचायत ने दिया है सत्यापन प्रमाण पत्र**

गांव के ग्रामीणों ने बताया कि उनके घरों में केवल होली के दिन ही पानी आया है, उसके बाद से आज पर्यंत तक पानी नहीं आया। ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत प्रतिनिधियों ने नल कनेक्शन दिए जाने के बाद ग्रामीणों को पानी मिल रहा है या नहीं यह जाने बिना ही ठेकेदार को सत्यापन प्रमाण पत्र दे दिया और दफ्तर के अफसर गांव में झांकने तक नहीं आए कि पानी आ रहा है या नहीं। इस मामले की शिकायत जिला प्रशासन से की गई है, किंतु अब तक गेरांव पंचायत के ग्राम कमरन के ग्रामीणों के समस्या का निदान नहीं हो सका है।

**कटघोरा वनमंडल के चैतमा रेंज का मामला, सीसीएफ सहित आला अधिकारी पहुंचे मौके पर**

# तेंदुए का शिकार कर अंगों को काटकर ले गए तस्कर, वन विभाग में मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दो दिन पहले ही तेंदुए ने तीन बकरियों को अपना निशाना बनाया था जिसके बाद दूसरे दिन तेंदुए को शिकारी ने अपना शिकार बना लिया है और उसके अंगों को काटकर ले भागे हैं। जैसे ही इसकी भनक वन विभाग के अफसर को लगी बिलासपुर से सीसीएफ सहित आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए और मामले में छानबीन की जा रही है। प्रारंभिक जांच के दौरान स्थानीय लोगों का हाथ होने की संभावना जताई जा रही है वन विभाग की टीम जल्द ही इस कृत्य को अंजाम देने वाले लोगों धरपकड़ करने की बात कह रहा है।

उल्लेखनीय है कि कटघोरा वनमंडल के चैतमा रेंज के राहा बीट के अंतर्गत आने वाले कक्ष क्रमांक 25 में एक तेंदुए को मृत अवस्था में ग्रामीणों ने देखा और इसकी सूचना वन विभाग के अफसरों को दी गई। तेंदुए की मौत होने की खबर वन विभाग के अफसर को मिलते ही बिलासपुर सीसीएफ प्रभात मिश्रा, कटघोरा वनमंडलाधिकारी कुमार निशांत सहित आला अधिकारी दौड़े दौड़े मौके पर पहुंचे जहां वन विभाग के अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंचे और शव का निरीक्षण किया गया तो पाया गया कि तेंदुआ का शिकार किया गया है और उसके महत्वपूर्ण अंगों को काटकर तस्कर ले भागे हैं। सूत्र बताते हैं कि तस्करों ने तेंदुए के दांत, नाखून सहित अन्य अंगों को काट लिया है। वन विभाग की टीम मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम कर अंतिम संस्कार कर दिया गया है लेकिन जिस तरह से तस्करों ने तेंदुए को अपना निशाना बनाया है इससे स्थानीय लोगों के हाथ होने की संभावना जताई जा रही है क्योंकि एक दिन पहले ही चैतमा रेंज में ही तेंदुए ने एक किसान के तीन बकरियों को अपना शिकार बनाया था। अब तेंदुए का शिकार किए जाने का मामला सामने आने के बाद वन विभाग की टीम मामले की छानबीन में जुटी हुई है। देखना होगा कि वन अमले की टीम इस मामल में कब तक आरोपियों को सलाखों के पीछे भेजती है।

**खास बात**

- छानबीन है जारी, स्थानीय ग्रामीणों का हो सकता है हाथ



मृत तेंदुए का निरीक्षण करते वन विभाग के अफसर।

**वन विभाग ने नहीं दिखाई सक्रियता**

जब 2 दिन पहले ही चैतमा रेंज में तेंदुए की दस्तक हो गई थी और एक किसान के तीन बकरियों को उसने अपना निशाना बनाया था इसके बाद भी चैतमा रेंजर दिनेश कुर्रे द्वारा हमले के बाद भी सक्रियता नहीं दिखाई गई। तेंदुआ की आहट हुई है तो उसकी किस तरह से देखरेख करनी चाहिए और ग्रामीणों को सावधान करना चाहिए यदि वन विभाग ने सक्रियता दिखाई होती तो आज इस बेजुबान तेंदुए की जान नहीं जाती और उसकी जान बचाई जा सकती थी। वन विभाग के स्थानीय अफसर चुपचाप बैठे रहे और यही वजह है कि तस्कर सक्रिय हो गए और उसे अपना निशाना बनाते हुए तेंदुए का शिकार कर लिया और उसके महत्वपूर्ण अंगों को काटकर तस्करी के लिए ले भागे। वन विभाग के वरिष्ठ अफसर को इस मामले को गंभीरता से लेते हुए मामले में जो भी दोषी अफसर हैं उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही करनी चाहिए।

# तेंदूपत्ता तोड़ने गई महिला पर भालू ने किया हमला, मौत



भालू हमले से मृत महिला का शव।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक 60 वर्षीय वृद्ध महिला तेंदूपत्ता तोड़ने जंगल गई हुई थी। इस बीच अलसुबह उसका सामना एक जंगली भालू से हो गया और भालू ने महिला पर जानलेवा हमला कर दिया। महिला और भालू के बीच द्वंद होता रहा लेकिन कोई मदद नहीं मिली जिससे भालू के हमले में गंभीर रूप से घायल महिला की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची थी। जहां मामले में वैधानिक कारवाई कर मृत महिला के परिजनों को वन विभाग की ओर से आर्थिक सहायता की राशि प्रदान कर दी गई है।

मामला कटघोरा वनमंडल के केंदई रेंज का है। बताया जाता है कि ग्राम सिमगा में निवास करने वाली सीताबाई 60 वर्ष पति मुखीराम रोज की तरह बुधवार की अलसुबह तेंदूपत्ता तोड़ने के लिए जंगल गई हुई थी। जहां कक्ष क्रमांक ओए 689 पर तेंदूपत्ता तोड़ रही थी। इसी दौरान जंगल से भटककर एक भालू मौके पर आ धमका और सीताबाई से सीधा उसका सामना हो गया। सीताबाई और भालू के बीच द्वंद होता रहा। जहां भालू ने महिला पर हमला कर दिया और महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जब तक महिला को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया जाता सीताबाई की अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौके पर मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलने पर केंदई वन परिक्षेत्र अधिकारी दलबल सहित मौके पर पहुंचे। जहां मृतिका सीताबाई के परिजनों को वन विभाग की ओर से आर्थिक सहायता की राशि प्रदान कर दी गई है। बाकी शेष राशि वैधानिक कार्रवाई कर परिजनों के सुपुर्द किया जाएगा।

**खास बात**

- कटघोरा वन मंडल के केंदई रेंज के ग्राम सिमगा का मामला

# शासकीय दफ्तरों के पास बेजाकब्जा करने वालों पर गिरेगी प्रशासन की गाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सरकारी दफ्तरों एवं स्कूल के आसपास रिक्त पड़ी सरकारी जमीनों में पिछले कुछ दिनों से अवैध कब्जेधारियों की बाढ़ आ गई है। इन बेजाकब्जाधारियों के खिलाफ कार्यवाही की तैयारी जिला प्रशासन द्वारा की जा रही है। ऐसे सभी सरकारी जमीन और सरकारी भवन के समीप हुए बेजाकब्जों को चिन्हांकित किया जा रहा है। आने वाले दिनों में उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी।

शासकीय जमीनों में बढ़ते अवैध कब्जे को रोकने के लिए जिला प्रशासन ने कार्यवाही की तैयारी की है। सभी विभागीय अधिकारियों को उनके जमीनों में शासकीय बोर्ड लगाने के निर्देश देते हुए ऐसे सभी शासकीय जमीनों में बढ़े बेजाकब्जा को हटाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर अजीत वसंत को पिछले दिनों यह शिकायत मिली थी कि सरकारी दफ्तरों के बाउंड्रीवाल से लगे सरकारी जमीनों में अवैध गुमटियां खड़ी हो गई है। वहीं स्कूल भवन से लगकर स्थानीय ठेकेदारों द्वारा अपने दफ्तार एवं गाड़ी रखने के शेड बना लिए गए हैं। यह सब स्थिति कलेक्टोरेट से महज 200 मीटर के दायरे में निर्मित हुई है और कार्यवाही दो साल में नहीं हुई है, जबकि विभागीय अधिकारी इन्हीं शासकीय दफ्तरों के समीप से निकले सड़क मार्ग से आना जाना करते हैं। परंतु बेजाकब्जा हटाने के संबंध में उनके द्वारा कोई ऐसी पहल भी नहीं की गई और ना ही जिला मुख्यालय इस संबंध में शिकायत प्रेषित की गई। जिसका नतीजा यह निकला कि सरकारी दफ्तर बेजाकब्जा से घिर चुके हैं। पार्किंग की जगह पर लोगों ने गुमटियां खड़ी कर व्यवसाय शुरू कर दिया है।

**यहा दिखता है बेजाकब्जा का नजारा**

नगर निगम साकेत भवन के सामने से बालाजी मंदिर जाने वाली सड़क के दोनों ओर बीते लंबे समय से अवैध गुमटियां खड़ी हो गई है। यातायात थाना और एसपी ऑफिस के बाउंड्रीवाल के समीप गुमटियों का संचालन हो रहा है। नगर निगम अन्य स्थानों में होने वाले अवैध कब्जों के खिलाफ कार्यवाही को अंजाम देता है, किंतु उसके प्रशासनिक भवन के सामने सड़क के दोनों ओर ठेले गुमटियां नगर नहीं आती, जबकि उक्त सड़क से निजी स्कूल जाने वाले वाहन, बड़ी बसें गुजरती है। कई बार जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। इसी तरह रामपुर पीडब्ल्यूडी स्कूल के सामने और बाउंड्रीवाल से लगकर बेजाकब्जा कर लिया गया है।

**300 से अधिक आंगनबाड़ी केन्द्र भवन हैं जर्जर**

# शासन से नहीं मिली स्वीकृति अब डीएमएफ से होगा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के 300 से अधिक जर्जर आंगनबाड़ी केन्द्र के नये भवन के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शासन को भेजे गए प्रस्ताव पर स्वीकृति नहीं मिलने की स्थिति में अब आंगनबाड़ी केन्द्रों के नये भवन का निर्माण डीएमएफ की राशि से कराया जाएगा। कलेक्टर ने शिक्षा एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए उनके विभाग के भवन विहीन स्कूल व आंगनबाड़ी केन्द्रों के जर्जर भवन की जानकारी ली और दोनों विभागों को सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।



फाइल फोटो

जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र के भवनों की स्थिति सुधर नहीं रही है। 300 से अधिक आंगनबाड़ी केन्द्र ऐसे हैं जो जर्जर भवन के रूप में चिन्हांकित है। एक वर्ष पूर्व डिंगापुर क्षेत्र में ऐसा ही एक जर्जर भवन धरासायी हो गया था। घटना के बाद अधिकारियों ने निरीक्षण किया था और जिले में जर्जर भवन संचालित जर्जर आंगनबाड़ी केन्द्रों की जानकारी लेकर नये भवन के निर्माण को लेकर राज्य शासन को एक वर्ष पूर्व प्रस्ताव भेजा था, किंतु स्वीकृति नहीं मिलने के बाद अब उन भवनों के निर्माण को लेकर जिला प्रशासन ने गंभीरता दिखाते हुए ऐसे जर्जर भवनों के जगह नये भवन बनाए जाने का प्रस्ताव तैयार किया है। ऐसे भवनों को डीएमएफ की राशि से कराया जाएगा, जो भवन विहीन केन्द्र हैं और किराए के भवन में संचालित है उनकी जगह नये भवन बनाए जाएंगे। इसी तरह जो भवन जर्जर है उनका मरम्मत कार्य डीएमएफ की राशि से होगा। कलेक्टर ने विभागीय समीक्षा के दौरान यह जानकारी ली थी, जिसमें मामला सामने आया था कि 300 केन्द्र ऐसे हैं जो जर्जर और भवन विहीन है।

**बदलेगी स्कूलों की तस्वीर**

आंगनबाड़ी केन्द्रों के साथ साथ जर्जर स्कूल भवनों की भी तस्वीर बदलने की कवायद की जा रही है। स्कूल शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने जिले के पांचों विकासखंड अंतर्गत चलने वाले ऐसे स्कूल भवन जो किराए के भवन में चल रहे हैं और जर्जर हो चुके हैं उनकी जानकारी तलब की है उनके भवन एवं मरम्मत का कार्य डीएमएफ की राशि से कराया जाएगा। कोरबा विकासखंड अंतर्गत ग्राम विमला, नकिया में बीते दो वर्ष से प्राथमिक स्कूल ग्रामीणों के घर में एवं पंचायत के सामूदायिक भवन में संचालित हो रहे हैं।


## पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित

### पैरामेडिकल संस्थान, बिलासपुर (छ.ग.) 495006

निम्न तालिका अनुसार (छ.ग.) के विभिन्न जिलों में 12वीं के प्राप्तांकों के अनुसार पैरामेडिकल संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रमों में (सत्र 2024-25) में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित है।

**उपलब्ध विभिन्न जिलों के प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम, पाठ्यक्रम एवं कुल सीटें**

| उपलब्ध प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम | (D.M.L.T.) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्निशियन | (M.P.W.) पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टीपरपस हेल्थ वर्कर | (D.O.T.) पोस्ट डिप्लोमा इन आपरेशन थियेटर टेक्निशियन | (EMT) पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्निशियन | (X-Ray) पोस्ट डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्निशियन | पोस्ट डिप्लोमा इन नर्सिंग सुपरवाईजर | पोस्ट डिप्लोमा इन डायलिसिस टेक्नीशियन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बिलासपुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| जांजगीर-चांपा | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| कोरबा | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| रायगढ़ | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| अंबिकापुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| रायपुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| धमतरी | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| सरईपाली | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |

**आवेदन हेतु 12 वी कक्षा में न्युनतम प्रतिशत :** अनु. जनजाति 40%, अनु.जाति हेतु 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 45%, सामान्य वर्ग 50% या अधिक। **विकलांग सैनिक / स्व.संग्राम सेनानि वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है।**

**नोट :-**

1. आवेदक, निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारुप को कम्प्युटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रुप से भरे। साथ ही **25 रूपये** का डाक टिकट लगा हूआ 10x4 का सफेद लिफाफे मे अपना स्वयं का नाम, पिता का नाम एवं पूर्ण पता स्पष्ट लिख कर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे। (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जाएगा)
2. चयनित उम्मीद्वारो को कॉल लेटर द्वारा काउन्सलिंग हेतु सुचित किया जाएगा। 3. केवल आवेदक ही काउंसलिंग हेतु पात्र होंगे।
4. विद्या कौशल के माध्यम से शैक्षिणिक लोन उपलब्ध है। 5. छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते है।
6. **जो विद्यार्थी सत्र 2023-24 में 12वीं पास हुए है वह अपना आवेदन 12वीं के ऑनलाईन मार्कशीट लगाकर कर सकते है।**
7. छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों में संचालित पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों के समस्त सीटों में प्रवेश हेतु सीधे प्रवेश अवैध / गलत है। अतः विद्यार्थी किसी कंसलटेंट / व्यक्ति / एजेंट जो आपको संस्था में प्रवेश दिलाने का प्रलोभन दें उनके बहकावें में न आएं। कोई भी दस्तावेज न दें, ना ही एडमिशन दिलाने के एवज में कोई भी राशि न दें।

**आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि :-10.06.2024 तक।**
**आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि :-15.06.2024 तक।**

**आवेदन पत्र भेजने का प्रारुप**

प्रति,
संचालक
पैरामेडिकल संस्थान, सहारा ऑफिस रोड, राजकिशोर नगर, बिलासपुर (छ.ग.) 495 006

महोदय,
.................... (पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूँ।

1. आवेदक का नाम .................... 2. पिता / पति ....................
3. जन्म तिथि अंको में .................... 4. वर्ग: - अनु. ज. जाति [ ] अनु. जन जाति [ ] पिछड़ा वर्ग [ ] सामान्य [ ]
5. पत्र व्यवहार का पता - ग्राम .................... पोस्ट .................... तहसील ....................
थाना .................... जिला .................... पिन कोड [ ]
मो. नं. 1 .................... मो. नं. 2 .................... वाट्सअप नं. ....................
6. केन्द्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ....................
7. शैक्षणिक योग्यता-

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |

**कार्यालय संचालक, पैरामेडिकल संस्थान, बिलासपुर**


JGi
THE JAIN INTERNATIONAL SCHOOL
(Affiliated to CBSE, New Delhi, No. 3330064)
A Division of The Jain Group of Institutions, Bangalore
Academic Year 2023-24
Class 10th Toppers Congratulations!
DIST. TOPPER
PRANSHU AGRAWAL 99%
AARYAV TIWARI 98%
SAMIKSHA MAJHI 95.4%
ABHISHEK GHOSLE 94.2%
TANISHQ LALWANI 93.8%
TAANI JAIN 93.6%
SRIJAN PANDEY 93.4%
PRIYAL TIWARI 93.2%
SRISHTI LALWANI 92.6%
VIJAY KUMAR MARKAM 92.2%
DEWANSH AGRAWAL 91.8%
KRISHNA KANT TANDON 91.2%
AMAR AGRAWAL 91%
ARPAN PODDAR 91%
NALINI BHARTI 90.8%
ABHYUDAY TIWARI 90.8%
TANMAYA SAHOO
Class 10th
STATE TOPPER
99.2%
Class 12th Toppers
MEDHAVI JAIN 94.8%
NAILAH US SAHR 94.8%
DIYA BAID 94.4%
RAYON SINGH 92.6%
RISHITA SHRIVASTAVA 91.8%
Admissions Open
For Classes Nursery to XII
ABHIMANYU AGRAWAL
Class 12th
DIST. TOPPER
97.2%
SHRISHTI SONI 91.4%
AARTI SAHU 91%
HARSH SINGH 90.8%
ARSHIA MAKKAD 90.4%
FULLY AIR CONDITIONED
CLASS ROOMS & SEPARATE HOSTELS
(FOR BOYS & GIRLS)
Enroll Your Child & Grab
Up to 100% SCHOLARSHIP
Class 10th
Highest 99.2%
First Division 91.46%
Second Division 8.54%
Class 12th
Highest 97.2%
First Division 92.59%
Second Division 7.41%
Integrated coaching classes for
*SCIENCE,
*COMMERCE &
*HUMANITIES
07752 - 283281-85
9584461668, 9584461666
School Campus:
Mungeli Road, PO Sakri,
Bilaspur (CG)- 495 003
info@tjisedu.in
www.tjisedu.in
AdPRAYAS

15 korba-Bhoomi pg3_Layout 1 5/16/2024 12:02 AM Page 1



## खबर संक्षेप



### अखंड नवधा रामायण में शामिल हुए कटघोरा विधायक

**हरदीबाजार।** ग्राम बम्हनीकोना के आश्रित गांव डिंडोलभांठा में तीन दिवसीय अखंड नवधा रामायण कथा गायन का आयोजन सोमवार से किया जा रहा है, जो गुरुवार को भंडारा प्रसाद कर समापन किया जायेगा। इस धार्मिक आयोजन के प्रथम दिवस पर आयोजन के शुभारंभ पर कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल पहुंचे। उन्होंने दीपक जलाकर श्रीफल तोड़कर मानस मंडली का अभिवादन कर आयोजन का शुभारंभ किया गया। इस दौरान विधायक प्रेमचंद पटेल ने आयोजन को संबोधित करते हुए कहा की प्रभू श्रीराम का गुणगान करने से ही आनंद उत्साह निरोगिता बनी रहती है और प्राकृतिक आपदा नहीं होती और गांव में शुद्ध वातावरण बना रहता है। जहां श्रीराम कथा या उनका गुणगान होता है। वहीं उनके परम सेवक (भक्त) भगवान हनुमान भी रहते हैं। उन्होंने सभी ग्रामवासीयों का अभिवादन किया और दो चौपाईकहीं। इस दौरान सरपंच घनश्याम सिंह नेटी, रघुराज सिंह उईके, दुर्गेश कश्यप, दिलीप पटेल, जगदीश कश्यप, संतोष कश्यप, जीवराखन, अशोक कुमार, रामसाय, दीनानाथ, रामजी, गंगाराम नेताम, वासुदेव श्याम, कृपाल सिंह मरावी, आनंद सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

### बच्चे के जन्म के बाद डॉक्टर देंगे आल इज वेल की थपकी

**कोरबा।** मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भी जन्म के बाद नहीं रोने वाले बच्चों को चिकित्सक ऑल इज वेल की थपकी देंगे। इसके लिए अस्पताल में लाखों रूपए कीमती दो नई अत्याधुनिक मशीनें आ चुकी हैं। डॉक्टरों की टीम ने नवीन पद्धति से उपचार भी शुरू कर दिया है। इसका जीता जागता उदाहरण मेडिकल कॉलेज अस्पताल की घटना से लिया जा सकता है। दरअसल उरगा क्षेत्र में राजेश चंद्राकर निवास करते हैं। एक मई को उनकी पत्नी दीप्ति चंद्राकर को प्रसव पीड़ा शुरू हो गया। श्री चंद्राकर अपनी पत्नी को प्रसव के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे। ड्यूटी में तैनात स्वास्थ्य कर्मियों ने प्रसूता का सामान्य प्रसव तो करा लिया, लेकिन जन्म के पांच मिनट बाद भी मासूम के मुंह से आवाज नहीं निकली। जिससे घबराए स्वास्थ्य कर्मी मासूम को तत्काल एसएनसीयू नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई लेकर पहुंचे, जहां मेडिकल कॉलेज में शिशु रोग विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. हेमा नामदेव मौजूद थी। उन्होंने मासूम को एसएनसीयू में भर्ती करते हुए गहनता से जांच की। तत्पश्चात एचओडी डॉ. राकेश वर्मा, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. धरमवीर सिंह और अपनी टीम के साथ मासूम का नवीन पद्धति से उपचार शुरू कर दिया।

### जल आपूर्ति को लेकर सकरात्मक चर्चा के बाद चक्काजाम स्थगित

**कोरबा।** नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा क्षेत्र अंतर्गत खनन प्रभावित वार्ड 63 मोंगरा के प्रभावित गांव बांकी बस्ती, मड़वाढोढा, पुरैना में निगम के माध्यम से जल आपूर्ति की जाती है कई दिनों तक क्षेत्र में पानी बंद रहने से परेशान ग्रामीणों ने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेतृत्व में बांकीमोंगरा पालिका के कार्यालय का घेराव कर सीएमओ से चर्चा के बाद पेयजल समस्या का समाधान नहीं होने पर बांकीमोंगरा के मुख्य मार्ग पर 16 मई को चक्काजाम करने की चेतवानी दी थी चक्काजाम से पहले ही माकपा पार्षद को प्रतिनिधिमंडल के साथ वार्ता के लिए बांकी पालिका के सीएमओ ने चर्चा के लिए बुलाया सीएमओ ने एक सप्ताह में पानी समस्या के समाधान का आश्वाशन के साथ टैंकर और सबमर्शिबल पंप लगाने का आश्वाशन दिया।

## निधन

### सरोमा देवी श्रीवास्तव



**कोरबा।** एसईसीएल के सेवानिवृत कर्मचारी स्व. जेपी श्रीवास्तव की पत्नी इंद्रा नगर, बांकी मोंगरा निवासी श्रीमति सरोमा देवी श्रीवास्तव का 75 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार दोपहर 12 बजे बांकी मोंगरा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे रिटायर्ड एसईसीएल कर्मचारी शत्रुघन श्रीवास्तव की भाभी, विकास श्रीवास्तव (विक्की) की मा, दिनेश श्रीवास्तव एवं दीपू श्रीवास्तव की बड़ी मां थीं। वे अपने पीछे एक पुत्र एवं एक पुत्री समेत भरापूरा परिवार छोड़ गई हैं।

## पक्षियों के रहवास के लिए तैयार किया गया प्लान

# हजारों किलोमीटर की उड़ान भरकर पहुंचे प्रवासी पक्षी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पिछले कई दशकों से हजारों किलोमीटर की लंबी उड़ान भरकर पहुंचने वाले प्रवासी पक्षियों का एक जत्था शुभ संदेश लेकर हसदेव नदी के तट पर बसे ग्राम कनकी पहुंच चुके हैं। इन

**खास बात**

- वन विभाग के अफसर पहुंचे ग्राम कनकी

प्रवासी पक्षियों के पहुंचने के साथ ही स्थानीय ग्रामीणों के चेहरे खुशी से खिल गए हैं। साथ ही वन विभाग के अफसरों को जैसे ही इन पक्षियों के आने की भनक लगी अफसर भी दौड़े दौड़े गांव पहुंच गए और ग्रामीणों के बीच पहुंचकर इन प्रवासी पक्षियों का कैसा संरक्षण और संवर्धन किया जाए इस दिशा पर भी रुट प्लान तैयार किया गया है।

जिला मुख्यालय से लगभग 25 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम कनकीधाम प्राचीन शिव मंदिर के साथ ही प्रवासी पक्षी एशियन बिल ओपन स्टॉर्क के लिए जाना जाता है। ये प्रवासी पक्षी हर साल विदेशों से लंबी उड़ान भरकर मई के महीने में अपनी दस्तक देते हैं। बताया जाता है कि 100 प्रवासी पक्षियों का एक जत्था पीपल, चिरौल, इमली के पेड़ों पर पहुंच चुके हैं। धीरे धीरे कर 25 से 30 मई के बीच हजारों की संख्या में ये प्रवासी पक्षी ग्राम कनकी के अपने अस्थायी ठिकाने में 6 महीने के लिए पहुंच जाएंगे।

प्रवासी पक्षी एशियन बिल ओपन स्टॉर्क पक्षियों को मानसून के साथ ही खुशहाली का प्रतीक भी माना जाता है. कनकी में हजारों की तादाद में पक्षी आते हैं फिलहाल लगभग 100 से ज्यादा प्रवासी पक्षी पहुंच चुके है, बुधवार को जैसे ही इन प्रवासी पक्षियों के आने की सूचना वन विभाग को मिली कोरबा वनमंडल अधिकारी अरविंद पीएम, एसडीओ एस के सोनी सहित वन अमना ग्राम कनकी पहुंचे। जहां अधिकारियों ने इन प्रवासी पक्षियों की सुध लेते हुए ग्रामीणों से मुलाकात की और कैसे इन प्रवासी पक्षियों को बेहतर रहवास दिया जा सकता है इसे लेकर भी प्लान तैयार किया गया है।



पेड़ पर डेरा डाले प्रवासी पक्षी।



ग्राम कनकी में ग्रामीणों से चर्चा करते वनमंडलाधिकारी व अन्य।

### इन देशों से पहुंचते हैं प्रवासी पक्षी

जानकार बताते हैं कि हसदेव नदी का तट इन प्रवासी पक्षियों के लिए बेहतर रहवास शाबित होता है क्योंकि इन्हे खाने के लिए भरपूर कीड़े, मकौड़े मछली उपलब्ध रहते हैं। बताया जाता है कि एशियन बिल ओपन स्टॉर्क पक्षी भारत उपमहाद्वीप के साथ ही दक्षिण पूर्व एशिया के चीन, ऑस्ट्रेलिया, कंबोडिया, थाईलैंड, वियतनाम, श्रीलंका, इंडोनेशिया, म्यानमार, मलेशिया, फिलीपींस व सिंगापुर जैसे देशों में पाए जाते हैं। भारत में इन्हें घोंघिल कहा जाता है, यहां इनकी 20 से ज्यादा प्रजातियां पाई जाती है। प्रवासी पक्षियों को इसलिए भी किसानों का मित्र कहा जाता है क्योंकि यह बड़ी ताद़ात में गंदगी व आसपास के क्षेत्रों में फसलों में लगने वाले कीड़ों को अपना आहार बना लेते हैं पक्षियों की तादाद इतनी ज्यादा है कि वह आसपास के खेतों से फसल को नुकसान पहुंचाने वाले कीड़ों को पूरी तरह से सफाचट कर जाते है।

### नवंबर में लौट जाते हैं अपने देश

प्रवासी पक्षी मई के दूसरे सप्ताह में ग्राम कनकी पहुंचते हैं और कनकी में पक्षियों का प्रजनन काल जून-जुलाई तक होता है और अगस्त व सितंबर में बच्चों का जन्म होता है और अक्टूबर व नवंबर में प्रवासी पक्षियों के बच्चे इस क्षेत्र में पाए जाने वाले आहार का सेवन करते हैं और खा पीकर तगड़े हो जाते हैं और हसदेव नद़ी के तट पर उड़ान भरने का गुर सीखते हैं और नवंबर के महीने में कनकी से अपने देश के लिए उड़ान भर जाते हैं। प्रवासी पक्षियों का कनकी में आगमन कोई नई बात नहीं है इनके पीछे ऐसी मान्यता है कि यह पिछले 100 से भी ज्यादा सालों से कनकी में प्रजनन के लिए आते हैं। हसदेव नदी के तट पर बसे गांव कनकी की आबोहवा कुछ ऐसी है जिससे आकर्षित होकर दक्षिण पूर्व एशिया के कई देशों से पक्षी यहां हर वर्ष प्रवास पर आते हैं।

# उद्योग मंत्री ने प्रदेशभर के उद्योगों को लिखा पत्र, मांगी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



लखन देवांगन

वाणिज्य, उद्योग व श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने प्रदेश के स्थानीय बेरोजगारों को ज्यादा से ज्यादा रोजगार मिले इसके लिए मिशन मोड पर जुट गए हैं। मंत्री श्री देवांगन ने अब उद्योग विभाग के सचिव को निर्देश दिया है कि प्रदेशभर के उद्योगों में स्थानीय और बाहरी लोगों कितने अनुपात में रोजगार उपलब्ध कराए गए हैं, इसकी विस्तृत जानकारी मांगी है।

**खास बात**

- मंत्री देवांगन ने एमओयू की समीक्षा कर मांगी रिपोर्ट

एक दिन पूर्व ही उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने जिले में संचालित सार्वजनिक उपक्रमों को पत्र लिखकर बाहरी और स्थानीय लोगों को दिए गए रोजगार की जानकारी 7 दिन में तलब की थी। अब मंत्री श्री देवांगन ने उद्योग विभाग के सचिव को निर्देश जारी किया है। उन्होंने अपने पत्र में लिखा है की विधानसभा सत्र में कई विधायकों के साथ-साथ सामान्य जनसंपर्क के दौरान भी संज्ञान में बात आई है कि विभिन्न उद्योगों में औद्योगिक नीति 2019-24 के प्रावधानों के विपरीत अनुपातिक दृष्टिकोण से स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार के अवसर कम उपलबध कराए जा रहे हैं। जबकि आर्थिक निवेश प्रोत्साहन के लिए अकुशल श्रेणी में न्यूनतम सौ फीसदी, कुशल श्रेणी में न्यूनतम 70 फीसदी और प्रबंधकीय श्रेणी में न्यूनतम 40 फ़ीसदी रोजगार दिए जाने का प्रावधान है। मंत्री श्री देवांगन ने जिलाधिकारियों के माध्यम से प्रदेश में संचालित होने वाले उद्योगों में अलग अलग श्रेणियों में राज्य के स्थानीय और अन्य राज्यों के श्रमिको को उपलब्ध कराए गए रोजगार की जानकारी तलब की है। उद्योग मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने एमओयू के बाद उद्योग नहीं लगने को भी बेहद गंभीरता से लिया है। उद्योग मंत्री ने उद्योग विभाग के सचिव को एमओयू के बाद उद्योग नहीं लगने पर एक-एक एमओयू की समीक्षा करने के निर्देश दिए गए हैं।

# सरमा में स्थापित प्लांट से निकलने वाले डामर में फंस रहे मवेशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पानी की तलाश में मवेशी पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के नेशनल हाईवे में हादसे का शिकार हो रहे हैं। वहीं एक ऐसा मामला सामने आया है जिसमें पानी की तलाश में पहुंचा एक बकरा क्षेत्र में चल रहे डामर प्लांट से निकलने वाले डामर में फंस गया। ग्रामीणों ने सरपंच के नेतृत्व में चल रहे डामर प्लांट को बंद कराने की मांग की है। उनका कहना है कि बिना पंचायत के एनओसी डामर प्लांट का संचालन किया जा रहा है।

इस घटना के अनुसार एक बकरा पानी की तलाश में डामर प्लांट की ओर गया और वह डामर में फंस गया। प्लांट के लापरवाही से पंद्रह दिन पहले भी एक व्यक्ति के कन्धे पर गर्म डामर गिर गया गया था। जनपद सदस्य दीपक उदय ने कहा कि यह डामर प्लांट बिना किसी के अनुमति के पंचायत में स्थापित किया गया है और जिस तरह से पानी के तलास में मवेशी डामर में फंस गया यह डामर प्लांट के ठेकेदार की लापरवाही से हुई है। जिले विकासखण्ड पोड़ी उपरोड़ा के कोरबी के अन्तर्गत ग्राम सरमा सरपंच ने बताया कि आबादी से लगा डामर प्लांट बिना एनओसी चल रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में डामर प्लांट के प्रदूषण की वजह से एक बड़ी अनहोनी का सामना कर रहे हैं। पहली समस्या ग्रामीण जीवन के स्तर में है। डामर प्लांट के प्रदूषण से होने वाले धुएं और धूल के कारण हवा में विषाणुओं का स्तर बढ़ गया है, जिससे सामान्य जीवन को प्रभावित हो रहा है। डामर प्लांट के प्रदूषण से प्राकृतिक संतुलन को बिगाड़ दिया गया है। पेड़-पौधों की मर रहे है, जल स्रोतों का प्रदूषित होने का खतरा है, और जनजीवन की सामान्य स्वास्थ्य और संवेदनशीलता पर असर हो रहा है। वहीं डामर प्लांट के प्रदूषण से कृषि और अन्य ग्रामीण उद्योगों को नुकसान हो रहा है। खेती में उत्पादकता कम हो रही है, जिससे लोगों की आर्थिक स्थिति पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है।



डामर में फंसा मवेशी।

# कैशलेस स्वास्थ्य योजना का छत्तीसगढ़ मध्यप्रदेश व पंजाब के बीच एमओयू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ राज्य उत्पादन कंपनी में कैशलेस स्वास्थ्य योजना का अध्ययन करने आई मध्यप्रदेश व पंजाब की टीमों ने योजना की सराहना की है तथा इसे अपनी-अपनी विद्युत कंपनियों में लागू करने की मंशा जताई है। छत्तीसगढ़ पावर जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक एस.के. कटियार, प्रबंध निदेशक छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन एवं डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी राजेश कुमार शुक्ला की उपस्थिति में आयोजित इस बैठक में मध्यप्रदेश पावर जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक मंजीत सिंह ने इस योजना को कर्मचारी हित का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण माना। पंजाब पावर कार्पोरेशन के प्रतिनिधि ने बताया कि इस योजना से उन्हें नई राह मिली है।

तीनों राज्यों की बिजली कंपनियों व छत्तीसगढ़ की क्रियान्वयन एजेंसी के बीच एक एम.ओ.यू पर हस्ताक्षर किए गए। जिसके अनुसार छत्तीसगढ़ पावर कंपनी के कैशलेस स्वास्थ्य योजना के माडल को मध्यप्रदेश तथा पंजाब में भी अपनाया जा सकता है। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक अशोक कुमार वर्मा तथा अतिरिक्त महाप्रबंधक विनोद कुमार अग्रवाल ने पीपीटी के माध्यम से योजना की प्रस्तुति दी। बैठक में मध्यप्रदेश व पंजाब स्टेट सेक्टर की सात पावर कंपनियों से आये अधिकारियों ने योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनी की टीम को बधाई दी व ताली बजाकर इस कार्य की प्रशंसा की। मध्यप्रदेश से आई टीम ने कहा कि यह माडल सुनियोजित तरीके से संचालित हो रहा है जिसका सीधा लाभ कर्मचारियों व पेंशनरों को मिलता देखना काफी सुखद है। उन्होंने छत्तीसगढ़ की योजना के पीछे की गई मेहनत, शोध और सोच को अनुकरणीय बताया। मध्यप्रदेश पावर जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक मंजीत सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनी की कैशलेस स्वास्थ्य योजना के बारे में हमने जितना सुना था यहाँ आकर उससे भी बेहतर पाया है। इस योजना को मध्यप्रदेश की पावर कंपनियों में लागू करने के लिए हमारा आत्म-विश्वास बढ़ा है। यह योजना बहुत प्रभावी है। पंजाब स्टेट पावर कार्पोरेशन से आए डी.के. गोयल ने कहा कि पंजाब में इसी तरह की कैशलेस योजना लागू की गई थी पर वह सफल नहीं हो सकी थी, यहाँ आकर हमने छत्तीसगढ़ की स्वास्थ्य योजना का सूक्ष्मता से अध्ययन किया है। छत्तीसगढ़ में बहुत मेहनत से रिसर्च की गई और योजनाबद्ध ढंग से इसे लागू किया गया है। हमने जिन दिक्कतों का सामना किया था उनका समाधान इस योजना में है।



एमओयू के दौरान उपस्थित अधिकारीगण।

# निदेशक बिरंची का जिला प्रवास उत्पादन-उत्पादकता का लिया जायजा



निरीक्षण के दौरान निदेशक कार्मिक बिरंची दास व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल निदेशक (कार्मिक) बिरंची दास क्षेत्र के दौरे पर पहुंचे। सबसे पहले वे सरायपाली खदान गए जहां उन्होंने खदान में उतरकर खनन गतिविधियों को देखा एवं उत्पादन-उत्पादकता में वृद्धि लाने के लिए टीम को प्रोत्साहित किया साथ ही कर्मचारियों को उपलब्ध सुविधाओं का जायजा भी लिया। उन्होंने सरायपाली में स्थित एसईसीएल आवासीय कॉलोनी का भी भ्रमण किया एवं आवासीय सुविधाओं का निरीक्षण किया। सरायपाली के उपरांत श्री दास कोरबा क्षेत्र की मानिकपुर खदान गए एवं खनन गतिविधियों की समीक्षा की। इसके पश्चात निदेशक (कार्मिक) ने मानिकपुर में ही कोरबा क्षेत्र के समस्त विभागाध्यक्षों, स्टाफ ऑफिसर, अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ बैठक की एवं उनसे सीधा संवाद कर विभिन्न विषयों पर चर्चा की। श्री दास ने कोरबा क्षेत्र के जेसीसी सदस्यों के साथ भी परिचयात्मक भेंट की। दौरे के दौरान कोरबा क्षेत्र के महाप्रबंधक दीपक पंडया साथ रहे।

# रक्तदान के प्रति जागरूक करने सायकल से निकले प्रदेश यात्रा पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अंचल निवासी सारस्वत पांडे और प्रेम सोनी रक्तदान जागरूकता का संदेश देने प्रदेश का भ्रमण सायकल से करने निकले। सरस्वती विद्यालय सीएसईबी से दोनों युवकों ने यात्रा की शुरुआत की। अपनी सायकल पर तिरंगा झंडा और जरूरी सामान रखने के साथ युवकों को यहां से विदा किया गया। उन्होंने रक्तदान जागरूकता और इससे संबंधित आवश्यक पर्चे पास में रखे हैं जिन्हें रास्ते में लोगों को बाटेंगे। कोरबा से रवानगी के बाद सबसे पहले वे जशपुर जिले में जाएंगे फिर इसके बाद आगे के मार्ग पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। सारस्वत पांडे ने बताया कि खून की कमी के कारण काफी मौतें हो जाती है इसलिए लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करना है।



# मायुमं ने सेवा भारती में यशोदा माताओं का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जनहित एवं सामाजिक कार्यों की अग्रणी संस्था मारवाड़ी युवा मंच दर्री जमनीपाली द्वारा कोरबा सेवा भारती द्वारा संचालित मातृ छाया में उपस्थित सभी माताओं जो की छोटे बच्चों की अनवरत मां से अधिक देखभाल करती है उनका सम्मान किया गया।इस अवसर पर उपस्थित मंच साथियों को सेवा भारती द्वारा संचालित किए जा रहे सभी कार्यों से मातृ छाया के सहसचिव अभिषेक शर्मा जी ने अवगत करवाया।मारवाड़ी के प्रदेश अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने बताया की मातृत्व दिवस का कार्यक्रम छत्तीसगढ़ की सभी शाखाओं में उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है इसी कड़ी में दर्री जमनीपाली शाखा ने मातृत्व दिवस का कार्यक्रम मातृ छाया कोरबा में मनाया।कार्यक्रम में उपस्थित मंच के पूर्व राष्टीय संयोजक नीरज अग्रवाल उपस्थित सभी बच्चो की देखभाल करने वाली यशोदा माताओं के सेवा कार्यों को सराहा ।प्रांतीय संयुक्त मंत्री सुमित अग्रवाल एवं शाखा अध्यक्ष पारस अग्रवाल ने मंच के कार्यों से उपस्थित सेवा भारती के पदाधिकारियों को अवगत करवाया। प्रांतीय संयोजक अंजय अग्रवाल ने सेवा भारती द्वारा चलाए जा रहे एक निस्वार्थ सेवा मोक्ष रथ की भूरी भूरी प्रशंसा की।



## कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी पोंडीउपरोडा जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

**रा. प्र. क. / / बी-121/2023-24**
**ग्राम फुलसर, प०ह०नं० 14**
**तहसील-पोंड़ीउपरोडा, जिला कोरबा (छ०ग०)**

आवेदक/आवेदिका सुरेश सिंह पिता स्व० स्वरूपसिंह जाति गोड निवासी ग्राम फुलसर, तहसील पोंड़ीउपरोड़ा जिला कोरबा (छ०ग०) द्वारा अपने पिता स्वरूप सिंह का मृत्यु दिनांक 08.04.2014 स्थान फुलसर, तहसील पोंड़ीउपरोडा, जिला कोरबा (छ०ग०) में घर में आकस्मिक मृत्यु होने के कारण पंजीयन करने हेतु स्थानीय रजिस्ट्रार जन्म मृत्यु को जन्म मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छत्तीसगढ़ जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के अन्तर्गत निर्देश देने हेतु आवेदन पत्र, अनुलपब्धता एवं दस्तावेज सहित इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 17/5/2024 तक दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियम समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 2/5/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**पोंडी उपरोड़ा**
**जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी पोंडीउपरोडा जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

**रा. प्र. क. / / बी-121/2023-24**
**ग्राम फुलसर, प०ह०नं० 14**
**तहसील-पोंड़ीउपरोडा, जिला कोरबा (छ०ग०)**

आवेदक/आवेदिका सुरेश सिंह पिता स्व० स्वरुपसिंह जाति गोंड निवासी ग्राम फुलसर, तहसील पोंड़ीउपरोड़ा जिला कोरबा (छ०ग०) द्वारा अपने माता चम्पा बाई की मृत्यु दिनांक 06.09.2019 स्थान फुलसर, तहसील पोंड़ीउपरोडा, जिला कोरबा (छ०ग०) में घर में आकस्मिक मृत्यु होने के कारण पंजीयन करने हेतु स्थानीय रजिस्ट्रार जन्म-मृत्यु को जन्म मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छत्तीसगढ़ जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के अन्तर्गत निर्देश देने हेतु आवेदन पत्र अनुलपब्धता एवं दस्तावेज सहित इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 17/5/2024 तक दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नही किया जावेगा। आज दिनांक 2/5/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**पोंडी उपरोड़ा**
**जिला-कोरबा (छ.ग.)**

NKH SUPER SPECIALITY HOSPITAL
INSPIRING BETTER HEALTH
Licence No.:KORB0019/HOS
NABH
मई 2024
सुपरस्पेशलिस्ट विजिटिंग डॉक्टर सूची

| | |
|---|---|
| 17 मई 2024 (शुक्रवार) | डॉ. कुंवर सिद्धार्थ सौरभ ( वैस्कुलर एवं एंडोवैस्कुलर सर्जन ) |
| 19 मई 2024 (रविवार) | डॉ. जयेश शर्मा ( कैंसर सर्जन ) |
| 24 मई 2024 (शुक्रवार) | डॉ. संजय कुमार अग्रवाल (पेट व लिवर रोग विशेषज्ञ) |
| 24,25 मई 2024 (शुक्र., शनिवार) | डॉ. भरत अग्रवाल ( हृदय रोग विशेषज्ञ ) |
| 26 मई 2024 (रविवार) | डॉ. अरूण अय्यर ( पेट एवं लिवर रोग विशेषज्ञ) |

आज ही अपना पंजीयन कराएँ
कोसाबाड़ी, कोरबा 8602-59-91-22

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना ।प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.) स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

15 korba-bhoomi pg4_Layout 1 5/15/2024 11:56 PM Page 1



## ख़बर संक्षेप



### भूविज्ञान विभाग में विदाई समारोह का हुआ आयोजन

**हरदीबाजार।** शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय हरदीबाजार के भूविज्ञान विभाग में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि प्रभारी प्राचार्य अखिलेश पांडेय, अध्यक्ष डॉ.केके दुबे विभागाध्यक्ष भूविज्ञान विभाग तथा भूविज्ञान विभाग के सहायक प्रध्यापक आदित्य सिंह बघेल, लेख नारायण साहू एवं सुश्री रुचि तिवारी उपस्थित रहे। इस मौके पर प्रो.अखिलेश पांडेय ने छात्रों को प्रोत्साहित किया और उन्हें अपने भविष्य के लिए अध्ययन के प्रति प्रेरित किया। वे छात्रों को सलाह देते हुए बोले कि वे हमेशा सतत प्रयास करें और अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध रहे। छात्रों ने अपनी शिक्षा की सफलताओं और अपने अनुभवों को साझा किया। इसके साथ ही, समारोह में संगीत, नृत्य और कविता पाठ की विभिन्न प्रस्तुतियों ने उत्साह और उत्सव की भावना को बढ़ाया। छात्रों ने अपने उपस्थित प्राध्यापको और भूवैज्ञानिक सोसाइटी का आभार व्यक्त किया और उन्हें उनके मार्गदर्शन और सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। समारोह के अंत में उपस्थित छात्र छात्राओं ने एक-दूसरे के साथ मिलकर खुशियों की बुनियाद रखी। यह विदाई समारोह छात्रों के लिए एक यादगार और प्रेरणादायक अनुभव रहा।

### स्वामी आत्मानंद स्कूल में प्रवेश के लिए निकाली गई लॉटरी



**हरदीबाजार।** स्वामी आत्मानंद गवर्नमेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल हरदीबाजार में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में प्रवेश के लिए पालकों व नागरिकों की उपस्थिति में नियमों के साथ लाटरी पद्धति से छात्रों का चयन किया गया। जिसमें पहली क्लास में 134 छात्रों के द्वारा फॉर्म भरा गया था, जिसमें से 117 बच्चे पात्र निकले। 117 में से 50 छात्रों का चयन हुआ। कक्षा दूसरी क्लास में कुल 27 आवेदन भरे गए थे, जिसमें 24 पात्र आवेदन थे, जिसमें एक छात्र का चयन करना था जिसमें एक छात्र का चयन किया गया। कक्षा 8वीं में 55 आवेदन आए हुए थे, जिसमें 27 पात्र आवेदन थे, जिसमें से 6 छात्रों का चयन करना था जिसमें 6 छात्रों का चयन किया गया। इस चयन पद्धति में सभी नियमों का पालन करते हुए सभी पालकों व गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में बच्चों, पालको व गणमान्य नागरिकों के बीच चुटका निकालकर एक एक नाम का चयन पूरी पारदर्शिता से किया गया। इस चयन प्रक्रिया में स्कूल की प्रचार्य श्रीमती रमाउमा निधि, कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य अखिलेश पांडे, अंजना सिंह, सीआरसी तरुण डिक्सेना, शिक्षक रिषि कुमार राठौर, शिक्षक केशव यादव, निलेन्द्र राठौर व स्कूल के शिक्षक शिक्षिकांऐ, पालक सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## बालको संयंत्र से गुजरात के लिए हुए थे रवाना

# करोड़ों की एल्युमिनियम सिल्ली से भरे ट्रक गायब, दिल्ली से किया गया बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको संयंत्र से दो ट्रकों में 2 करोड़ 60 लाख रुपए कीमती एल्युमिनियम की सिल्ली लोड कर गुजरात भेजा गया था लेकिन उक्त एल्युमिनियम सिल्ली गुजरात पहुंचने के बजाय दिल्ली पहुंच गई थी और उसे खपाने की तैयारी थी लेकिन पुलिस की टीम हरकत में आई और पुलिस ने देश की राजधानी दिल्ली से 2 ट्रकों में लोड 2 करोड़ 60 लाख रुपए के एल्युमिनियम की सिल्ली से लदे ट्रक को बरामद करने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है।

**ख़ास बात**

- हरियाणा में खपाने की थी तैयारी, बालको पुलिस की टीम ने दिल्ली में मारा छापा

उल्लेखनीय है कि बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत बालको प्लांट से 21 और 23 अप्रैल को दो ट्रक क्रमांक जीजे 12 बीएक्स 9094 एवं जीजे 17 एक्सएक्स 0542 में बालको से 1 करोड़ 80 लाख रूपये की कीमती एल्युमिनियम शीलपट्टियों को सिलवासा गुजरात के लिए रवाना किया गया था जो वहां नहीं पहुंचा तो ट्रक मालिकों द्वारा मामले की छानबीन की गई। कई दिनों तक पता नहीं चलने पर इस मामले की शिकायत बालको थाने में दर्ज कराई गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए बालको थाना प्रभारी अभिनवकांत द्वारा धारा 406 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने इस गिरोह के पर्दाफाश के लिए बालको थाना प्रभारी अभिनवकांत के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। पुलिस के अधिकारियों को मुखबीर से सूचना मिली कि गुजरात के लिए रवाना हुई दोनों ट्रक गुजरात ना जाकर दिल्ली की ओर रवाना हुई है। जिसके बाद पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर बालको थाना प्रभारी अभिनवकांत अपनी टीम के साथ दिल्ली जा पहुंचे और उक्त ट्रकों के माल को दूसरे ट्रक आरजे 52 जीए 9662 एवं ट्रक क्र. एचआर 38 एसी 8899 में पल्टी कर खपाने के लिए दिल्ली में ले जाने पर दिल्ली से उक्त दोनों ट्रकों को बरामद कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों में ग्राम रानीका थाना व जिला नुहु (हरियाणा) निवासी नासीर पिता रफीक उम्र 23 वर्ष के कब्जे से बरामद किया गया। बरामद समान एवं आरोपी को वापस कोरबा लाया गया जिसे न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है एवं अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।



जप्त ट्रक व पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

**पुलिस कप्तान लगातार ले रहे थे अपडेट**

बालको से गुजरात के लिए निकली ट्रक जिसमें 2 करोड़ से अधिक का एल्युमिनियम सिल्ली चोरी की सूचना पर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने मामले को गंभीरता से लिया और चोरों की धरपकड़ के लिए बालको थाना प्रभारी अभिनवकांत और उनकी टीम को निर्देशित किया था। इस गिरोह की धरपकड़ और पर्दाफाश के लिए पुलिस अधीक्षक स्वयं बालको से गई टीम के साथ संपर्क बनाकर रखे हुए थे और हर गतिविधि की जानकारी ले रहे थे। पुलिस की टीम जैसे ही दिल्ली पहुंची, दिल्ली पुलिस के आला अधिकारियों से पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी द्वारा संपर्क किया गया और कोरबा पुलिस के साथ समन्वय कर ट्रकों को धरदबोचा गया। बताया जाता है कि उक्त ट्रकों को दिल्ली से हरियाणा भेजने की तैयारी थी और हरियाणा में एल्युमिनियम के सिल्ली को खपाए जाने की तैयारी हो चुकी थी लेकिन पुलिस की तत्परता काम आई और पुलिस ने उक्त ट्रकों को दिल्ली में ही धरदबोचा। पुलिस सूत्र बताते हैं कि पुलिस इस मामले में कुछ अन्य ट्रको को भी जप्त कर सकती है।

**अंतराज्यीय गिरोह का हो सकता है हाथ**

बालको थाना प्रभारी अभिनवकांत ने जानकारी देते हुए बताया कि बालको संयंत्र से चोरी गई एल्युमिनियम की सिल्ली को पुलिस ने बरामद कर लिया है। फिलहाल कुछ आरोपियों को पकड़ा गया है। पुलिस की टीम मामले की जहां छानबीन में जुटी हुई है। प्रारंभिक जांच के दौरान इस चोरी के मामले में अंतरराज्यीय गिरोह का हाथ हो सकता है। पुलिस इस पूरे मामले की तहकीकात में जुटी हुई है। इस गिरोह में शामिल लोगों की धरपकड़ की जाएगी। इसके बाद एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश हो सकता है। जिस तरह से दो ट्रकों में सिल्ली भर कर दिल्ली पहुंचाई गई थी इससे साफ है कि इसमें और भी लोग शामिल हैं। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच में जुटी हुई है।

# दंतैल हाथी ने एक घंटे तक रोकी हाईवे की रफ्तार



एनएच में सड़क किनारे खड़ा दंतैल हाथी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा वनमंडल में हाथियों का झुंड लंबे समय से डेरा डाला हुआ है और हाथी अब हाईवे को ही अपना स्थाई ठिकाना बना चुके हैं और अक्सर हाथी इस हाइवे को पार कर जंगल के इधर-उधर जाते हैं। बताया जाता है कि एक दंतैल हाथी आज हाईवे पर आ धमका था। जिसकी वजह से हाईवे की रफ्तार लगभग 1 घंटे तक रुकी हुई थी। जब वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची तो किसी तरह घंटों मशक्कत के बाद उसे जंगल में खदेड़ा गया जिसके बाद हाईवे की रफ्तार को पुनः बहाल किया गया। मामला कटघोरा वनमंडल के केंदई वन परिक्षेत्र की है। बताया जाता है कि एक दंतैल हाथी ग्राम कापानवापारा के पास आ धमका था और सड़क के किनारे ही विचरण कर रहा था। जिसकी वजह से कटघोरा-अंबिकापुर मुख्य मार्ग में आना-जाना करने वाले लोगों ने अपनी रफ्तार रोक रखी थी। जब कटघोरा वनमंडलाधिकारी कुमार निशांत को इसकी सूचना मिली तो उन्होंने तत्काल के केंदई वन परिक्षेत्र अधिकारी अभिषेक दुबे को टीम के साथ मौके पर भेजा और घंटों मशक्कत के बाद किसी तरह दंतैल हाथी को सायरन बजाकर जंगल की ओर खदेड़ा गया इसके उपरांत पुनः कटघोरा-अंबिकापुर मुख्य मार्ग को बहाल किया जा सका।

**ख़ास बात**

- केंदई वन परिक्षेत्र की कापानवापारा के समीप डाला हुआ था डेरा

## सट्टा खेलाने वाला एक आरोपी गिरफ्तार



आरोपी ।

**कोरबा।** पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने जिले के सभी थाना व चौकी पुलिस को अवैध कारोबार शराब, गांजा,एवं जुआ, सट्टा पर कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। पुलिस टीम द्वारा लगातार सट्टा खेलने वालों पर कार्यवाही किया जा रहा है। इसी कड़ी में सायबर सेल कोरबा एवं चौकी सीएसईबी को सूचना मिला कि एक व्यक्ति बुधवारी बाजार कोरबा में लोगों से रुपये पैसों लेकर दांव लगवाकर सट्टा-पट्टी लिखकर सट्टा खेला रहा है। इस सूचना पर पुलिस की टीम घटनास्थल पर दल बल सहित मुखबीर के बताए गए स्थान पर घेराबंदी कर दबिश दिया गया। जो बुधवारी बाजार में एक संदिग्ध व्यक्ति सट्टा-पट्टी लिखते पकड़ा गया जिससे पूछताछ करने पर उसने अपना नाम सांई मंदिर के पास रामसागर पारा कोरबा निवासी महेन्द्र गंगवानी उम्र 43 साल पिता स्व० मुरलीधर गंगवानी बताया। आरोपियों के कब्जे से 2 नग कागज जिसमें सट्टा का अंक लिखा हुआ है एवं एक काले रंग का पेन एवं नगदी रकम 780 रुपए बरामद किया गया है। आरोपी के विरुद्ध पुलिस ने जुआ/सट्टा एक्ट के तहत कार्यवाही की है।

## सीएसईबी प्लांट में चोरी करने वाले गिरोह के 8 सदस्य गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



पकड़े गए कबाड़ चोर।

सीएसईबी पावर प्लांट में स्क्रेप की चोरी करने वाले गिरोह के 8 सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से चोरी के स्क्रेप बरामद किया गया है।

दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत सीएसईबी पॉवर प्लांट में सुरक्षा निरीक्षक के पद पर पदस्थ रामाश्रय ध्रुव पिता बी०आर० ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 14 मई की सुबह रामाश्रय स्क्रेप यार्ड में रखे समान की जांच कर रहा था तो यार्ड में लोहे के स्क्रैप के कुछ सामान नहीं दिखाई दिये। जिस पर मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर ममले की छानबीन शुरु की गई। थाना प्रभारी दर्री विनोद सिह के नेतृत्व में दर्री पुलिस टीम त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपीयों एवं मशरूका की पता तलास एवं धरपकड़ का प्रयास किया जा रहा था। इस बीच मुखबीर से सूचना मिली कि कल्मीडुग्गू निवासी शंकर वर्मा उम्र 28 वर्ष पिता श्याम सुदर वर्मा को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उसने घटना को करना स्वीकार किया तथा शंकर वर्मा की निशानदेही पर 7 अन्य आरोपी कल्मीडुग्गू निवासी हरीश केवट उम्र 27 वर्ष पिता रामकुमार] राजा पवार उम्र 24 वर्ष पिता मदनलाल, विशाल केवट उम्र 19 वर्ष पिता मोहन, राकेश सुनानी उम्र 20 वर्ष पिता प्रदीप, यशवंत सिंह उम्र 20 वर्ष पिता छोटू सिंह, प्रमोद सिंह उम्र 22 वर्ष पिता मन्नू लाल, मनीष कुमार केवट उम्र 22 वर्ष पिता कीर्ति कुमार को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया जहां से न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया है।

## एचएमएस, गेवरा क्षेत्र के क्षेत्रीय वेलफेयर सदस्य बीएमएस में हुए शामिल

**गेवरा दीपका।** गेवरा क्षेत्र के एमएमएस यूनियन के क्षेत्रीय वेलफेयर सदस्य मदन सिंह मंगलवार को अपने समर्थकों के साथ बड़ी संख्या में बीएमएस श्रम संगठन के रीति नीति कार्यकलापों से प्रभावित होकर महासंघ के अध्यक्ष टिकेश्वर सिंह राठौर, महामंत्री अशोक कुमार सूर्यवंशी जेसीसी प्रीतम राठौर के अलावा गेवरा एवं कुसमुंडा क्षेत्र के प्रमुख पदाधिकारियों के समक्ष बीएमएस श्रम संगठन में प्रवेश कर सदस्यता प्राप्त की।

## एटीएम मशीन से चोरी करने का प्रयास, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बांगो थाना क्षेत्र अंतर्गत पोड़ी उपरोड़ा के कोनकोना स्थित आईडीबीआई बैंक में लगे एटीएम मशीन से बीती रात्रि चोरी करने का प्रयास किया गया है, हालांकि आरोपी को इस कार्य मे सफलता नही मिल पाई,एटीएम मशीन में करीब 2 लाख रुपये थे,चोर बैंक की दीवार में सेंध मारकर एटीएम मशीन के पास पहुंचा था और इसने एटीएम मशीन को किसी औजार से तोड़ने का भरपूर प्रयास किया लेकिन चोर मशीन को तोड़ने में कामयाब नही हो पाया और थक हारकर बिना चोरी किये भाग गया,जानकारी अनुसार बैंक में लगे कैमरे में चोर देखा गया है जो करीब 4:45 बजे तक एटीएम मशीन के पास मौजूद था,बैंक मैनेजर सुमित केरकेट्टा ने घटना की जानकारी थाना बांगो में दी है जहां पुलिस मामला पंजीबद्घ कर विवेचना में जुट गई है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

आवश्यक सूचना
हरिभूमि
पाठक पुरस्कार योजना
के सम्माननीय विजेताओं से आग्रह है कि अपना उपहार हरिभूमि कार्यालय कोरबा में संपर्क कर प्राप्त कर लेवें ।
उपहार प्राप्त करने अपने आधार कार्ड की फोटोकापी मासिक बिल और पावती (ग्राहक प्रति), साथ में लावें।
उपहार प्राप्त करने का समय
सोमवार से शनिवार, सुबह 11 से शाम 5 बजे तक
स्थान: हरिभूमि कार्यालय
प्रेस काम्पलेक्स टी.पी. नगर कोरबा
मो. 7581808267

online Booking:-www.tripuryatra.com
सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
20 मई से 02 जून 2024, 24 मई से 06 जून 2024, 26 मई से 08 जून 2024, 29 मई से 11 जून 2024
05 जून से 18 जून 2024
राशि:-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 34,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

We Nirmala School congratulate
All our shining stars of Class X and XII Toppers
SANDHYA GABEL 90% (BIO)
SHOAIB AHMED 90% (COM)
ISHA KESHARWANI 88% (COM)
OM PRAKASH BARAL 88% (BIO)
PREETI THAWAIT 88% (BIO)
VISHAL SINGH 84% (MATHS)
SONIYA SHARMA 83% (COM)
SHAHISTA PARVEEN 82% (BIO)
SNEHA DEWANGAN 80% (COM)
SUPRIYA DAS 80% (COM)
ARPIT (95.2%)
YUKTA (94.4%)
MANYA (93.8%)
ANGEL(92.4%)
JASRAJ (92.4%)
SNEHA (92.4%)
HEEMA (91.6%)
BHAVESH (91%)
SIDDH (91%)
MUSKAN (90.6%)
SANJAY (90.4%)
PRAGYA (87.6%)
SHREYA SINGH (87.2%)
DIPANSHU (86.2%)
DISHA (84.6%)
ADITYA (83%)
SAKSHAM (83%)
ESTHER (82%)
TUSHAR (81.8%)
KIRAT (80.8%)
Nirmala Eng. Hr. Sec. School (CBSE) Risdi, Korba (C.G.)